# जल्दी होगी सहायक प्रोफेसरों की भर्तियां, ली जा रही कानूनी राय, हरी झंडी मिलते ही जारी होगी अधिसूचना

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़ : हरियाणा के सरकारी कालेजों में जल्दी ही सहायक प्रोफेसरों की भर्तियां होंगी। इस संबंध में सरकार द्वारा आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक में इन भर्तियों को लेकर स्वीकृति मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है।

भर्ती नियमों के संशोधन की मंजूरी के बाद इसकी अधिसूचना जारी करने को लेकर काम चल रहा है। बाद में किसी तरह की अड़चन न आए, इसके लिए सरकार पूरी रिपोर्ट कानूनी विशेषज्ञों के पास भेज रही है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद ही सरकार इसे अधिसूचित करेगी। इसके बाद प्रदेश के कितने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती किए जाएंगे, उस पर फैसला लिया जाएगा।

प्रदेश के सरकारी कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 3800 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन इन सभी पदों पर सरकार सीधे भर्ती नहीं करेगी। इसके लिए सरकार ने छात्र-प्रोफेसर के अनुपात के आधार पर भर्ती किए जाने वाले पदों की संख्या तय करने का फैसला लिया है। सरकार ने भर्ती के लिए 57 हजार 400 से एक लाख 82 हजार 400 रुपये का पे स्केल तय किया है। भर्ती के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के द्वारा हरियाणा लोक सेवा आयोग को फरवरी के दूसरे सप्ताह तक पत्र भेजा जा सकता है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा सरकार को तीन हजार पदों पर भर्ती करने का पत्र भेजे जाने की संभावना है। जिन पदों पर भर्ती के लिए विभाग द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया गया है, उनमें पर्यावरण विज्ञान के 18, बायो टेक्नोलाजी के नौ, बाटनी के 128, केमिस्ट्री के 278, कामर्स के 370, कंप्यूटर साइंस के 178, डिफेंस स्टडीज के 23, इकोनामिक्स के 72, इलेक्ट्रानिक्स के दो, अंग्रेजी के 610, फाइन आर्ट्स के सात, जियोग्राफी के 387, हिंदी के 261, इतिहास के 150, होम साइंस के 33, मैनेजमेंट के पांच, मास कम्युनिकेशन के 18 पदों समेत कई अन्य विषयों के पद शामिल हैं।